## खबर संक्षेप

### मार्शल आट्र्स में शहडोल का परचम

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के बालाघाट में आयोजित 16वीं राज्य स्तरीय मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता में शहडोल जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक अपने नाम किए। आर.के. मार्शल आर्ट एंड स्पोट्र्स अकादमी के खिलाड़ियों ने न केवल जिले का नाम रोशन किया, बल्कि अपने दमदार खेल से राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव भी हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 17 से 18 जनवरी तक बालाघाट स्थित हरि मंगलम लॉन में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के लगभग 30 जिलों से करीब 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों के बीच शहडोल के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु और भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पदक विजेताओं में अभिनव सिंह परस्ते नें 2 स्वर्ण पदक, अभिरुचि सिंह ने 2 स्वर्ण पदक, देवांक स्नातक ने 1 स्वर्ण पदक, विशिष्ट नंदी ने 1 स्वर्ण पदक, अभिनिशा सिंह ने 1 स्वर्ण पदक, उत्तम हलवाई ने 2 रजत पदक, आर्यस गुप्ता ने 2 कांस्य पदक एवं वंशिका प्रजापति ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में टीम का नेतृत्व दल प्रबंधक किरण सिंह परस्ते ने किया। वहीं, अकादमी के कोच रामकिशोर कश्यप के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अनुशासित, तकनीकी और आक्रामक खेल का शानदार उदाहरण पेश किया। इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अकादमी के 8 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता (देहरादून) के लिए हुआ है, जहां वे मध्य प्रदेश की टीम की ओर से पदक जीतने के इरादे से उतरेंगे। शहडोल के इन होनहार खिलाड़ियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता हासिल की जा सकती है।

### राम सजीवन बने राहुल प्रियंका गांधी सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष



**शहडोल।** कोयलांचल धनपुरी क्षेत्र के सक्रिय और समर्पित कांग्रेस नेता राम सजीवन शर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत संचालित राहुल-प्रियंका गांधी सेवा संगठन में जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश शर्मा तथा मध्य प्रदेश के प्रभारी चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी के दिशा-निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष कैलाश राठौड़ ने उनकी नियुक्ति पर मुहर लगाई है। इस निर्णय के बाद संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती में उनके योगदान को सराहा है। राम सजीवन शर्मा लंबे समय से कांग्रेस की संगठनात्मक राजनीति में सक्रिय रहे हैं और विशेष रूप से धनपुरी एवं आसपास के क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आए हैं। कांग्रेस की इंटर शाखा में कई वर्षों तक सेवा देने के दौरान उन्होंने न केवल पार्टी की गतिविधियों को गति दी, बल्कि जमीनी स्तर पर जनसंपर्क और संगठन विस्तार पर भी लगातार काम किया। इसी कार्यशैली और उनकी सरल, मिलनसार छवि को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें एक महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। धनपुरी और पूर्वांचल क्षेत्र में कांग्रेस की जड़ों को मजबूत करने में शर्मा की भूमिका हमेशा उल्लेखनीय रही है। विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान भी उन्होंने संगठन के लिए रणनीतिक और मैदानी दोनों स्तरों पर सक्रिय भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में पार्टी के युवा और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है।

## खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाली कोई टीम कमजोर नहीं होती: जायसवाल

# खेल आयोजनों की सफलता में दर्शकों की भूमिका अहम









### विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब बिलासपुर ने जीता

### विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

शहडोल।

अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम, बुढार में बिलासपुर एवं नागपुर की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें बिलासपुर की टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि खेल प्रतिस्पर्धाओं में कोई भी टीम कमजोर नहीं होती, जीत और हार खेल का एक अहम हिस्सा होती है। खेलों से अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण एवं आगे बढऩे की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास कर बड़े मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता, गांव, शहर, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि किसी भी खेल प्रतियोगिता की सफलता में टीमवर्क के साथ-साथ दर्शकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। फ्रेंड्स स्पोट्र्स एंड कल्चर सोसायटी, बुढार द्वारा किया गया आयोजन सराहनीय रहा, जिसमें दर्शकों की उपस्थिति ने मुकाबलों को और भी रोमांचक बना दिया।

इस अवसर पर विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन अत्यंत प्रशंसनीय रहा। प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना और ईमानदारी के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समापन कार्यक्रम को सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा ने भी संबोधित किया। मंत्री दिलीप जायसवाल ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।






इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका शहडोल घनश्याम जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा, नगर पंचायत बकहो के उपाध्यक्ष वैभव कुमार, आयोजक कैलाश विशनानी, समाजसेवी अंकुश शर्मा, अमित मिश्रा, रविंद्र वर्मा, गुरु शरण सिंह, राकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बुढार में 13 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक किया गया, जिसमें बुढार, कोरिया, मनेंद्रगढ़, पेंड्रा, डीसीए उमरिया, दिल्ली, इलाहाबाद, नागपुर, बिलासपुर, जबलपुर एवं रीवा सहित कुल 12 टीमों ने भाग लिया।

## 8 दिन से लापता शिवपाल का शव मिलने पर गांव में तनाव

# कुएं में युवक की संदिग्ध मौत से उबल उठा पकरिया







### हत्या की आशंका पर परिजनों का हंगामा

बुढ़ार।

केशवाही चौकी अंतर्गत आने वाले शांत माने जाने वाले ग्राम पकरिया में बुधवार की दोपहर एक ऐसा घटनाक्रम सामने आया, जिसने पूरे गांव को सन्न कर दिया। 14 जनवरी से रहस्यमयी तरीके से लापता हुए युवक शिवपाल भरिया का शव गांव के समीप स्थित एक पुराने कुएं में तैरता मिला। शव की बरामदगी के साथ ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों में भय तथा आक्रोश एक साथ दिखाई दिया। परिजनों ने साफ तौर पर कहा है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या का मामला है, जिसे किसी ने दुर्घटना या आत्महत्या की तरह दर्शाने की कोशिश की है।

जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय शिवपाल भरिया 14 जनवरी की शाम अचानक घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा। परिवार ने तत्काल खोजबीन शुरू की, रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के गांवों में छानबीन की, लेकिन युवक का कोई अता-पता नहीं चला। परिजनों ने इसकी सूचना केशवाही चौकी में भी दी थी और पुलिस ने भी खोजबीन का आश्वासन दिया था, लेकिन आठ दिनों तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

बुधवार को सुबह कुछ ग्रामीण पास के कुएं के पास से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने पानी में किसी वस्तु को तैरता देखा। संदेह होने पर जब ग्रामीण पास पहुंचे तो शक की पुष्टि हो गई, कुएं में एक शव था। सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। केशवाही चौकी के साथ बुढ़ार थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया गया। पहचान होते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव पर संदिग्ध निशान होने की बात कही और हत्या की आशंका जताई।

शव मिलने के बाद गुस्साए ग्रामीण बड़ी संख्या में इक_ा हो गए और उन्होंने शव को सडक़ किनारे रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि शिवपाल को किसी ने योजनाबद्ध तरीके से मारकर कुएं में फेंक दिया है। उनकी मांग है कि पुलिस तत्काल हत्या का मामला दर्ज करे, संदिग्धों को हिरासत में ले और निष्पक्ष जांच कर पूरे मामले का खुलासा करे। ग्रामीणों का कहना है कि शिवपाल का किसी से कोई विवाद नहीं था, वह शांत और मिलनसार युवक था, इसलिए उसके अचानक गायब होने और फिर इस तरह शव मिलने से संदेह और गहरा हो गया है। स्थिति गंभीर होती देख बुढ़ार थाना पुलिस और केशवाही चौकी का अतिरिक्त बल बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाइश देते हुए आश्वासन दिया कि वे मामले की गहराई से जांच करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और सभी संभावित बिंदुओं पर जांच की जा रही है। किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जाएगा, क्योंकि वही वास्तविक कारणों पर स्पष्टता लाएगी।

उधर परिजनों का कहना है कि जब तक पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच को तेज नहीं करती, विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से सुरक्षा की भी मांग की है, क्योंकि घटना के बाद गांव में भय का माहौल बन गया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पकरिया गांव तनाव और आक्रोश की स्थिति में है। लोग यह जानने को बेचैन हैं कि युवके की मौत दुर्घटना, आत्महत्या या वास्तव में किसी आपराधिक साजिश का नतीजा है। इस पूरे घटनाक्रम ने स्थानीय प्रशासन के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। परिजन न्याय की मांग पर अड़े हुए हैं और ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सच्चाई सामने नहीं आती, वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। अब पूरा मामला पुलिस की जांच पर टिका है, जिसका परिणाम ही यह तय करेगा कि पकरिया में यह मौत रहस्य है या किसी खौफनाक साजिश का हिस्सा।

## हत्या के मामले में फरार आरोपी को न्यायालय ने सुनाई उम्रकैद

### तीन साल की अतिरिक्त सज़ा भी

**शहडोल।** जिले में वर्षों से लंबित चल रहे हत्या के सनसनीखेज मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय बुढ़ार ने अहम फैसला सुनाते हुए फरार चल रहे आरोपी सुरेश यादव को दोषी मानकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर 5,000 रुपये के अर्थदंड सहित भारतीय दंड संहिता की धारा 201 के तहत तीन वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास एवं 1,000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान भी लागू किया है। न्यायाधीश सुशील कुमार अवस्थी की अदालत ने यह निर्णय 20 जनवरी 2026 को अभियोजन क्रमांक 32/2022 के मामले में सुनाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक आलोक राय ने विस्तृत बहस करते हुए घटनाक्रम और साक्ष्यों को अदालत के समक्ष रखा। अभियोजन के अनुसार घटना वर्ष 2015 में ग्राम सोहटवाल में हुई थी, जब फरियादी सूर्य प्रताप सिंह टेकाम ने बताया था कि मृतक युवक मोटरसाइकिल से घर लौटते समय लापता हो गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन पुलिस ने जांच शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपी सुरेश यादव पर शक की सुई घूमी, जो उसके बाद फरार हो गया। पुलिस ने कई वर्षों तक उसे पकडऩे के प्रयास जारी रखे और बाद में वर्षों की खोजबीन के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। विवेचना अधिकारी सतीश बिदौरी ने जांच के दौरान घटनास्थल के साक्ष्य, मृतक के शव की स्थिति, तथा आरोपी से बरामद आपत्तिजनक सामग्री को अदालत में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार मृतक की मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी और उसके शरीर पर गहरे घाव पाए गए थे। मेडिकल रिपोर्ट में मौत का कारण हत्या होना स्पष्ट हुआ। अदालत ने साक्ष्यों, गवाहों के बयान और विवेचना अधिकारी की रिपोर्ट को विश्वसनीय मानते हुए आरोपी को दोषी करार दिया। अपर लोक अभियोजक आलोक राय ने न्यायालय में बताया कि आरोपी ने न सिर्फ हत्या की, बल्कि अपराध को छुपाने के लिए सबूत नष्ट करने का प्रयास भी किया। यही कारण था कि आरोपी के विरुद्ध धारा 302, 201 के तहत प्रकरण कायम किया गया। आरोपी की फरारी को भी अदालत ने अभियोजन की दलीलों को मजबूत मानते हुए गंभीर माना। लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे मृतक के परिजन अदालत के फैसले से संतोष जताया। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक आलोक राय एवं आकांक्षा रिस्तैया ने की। अदालत का यह फैसला क्षेत्र में अपराधियों के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है कि कानून से बचना संभव नहीं है, चाहे अपराध कितना भी पुराना क्यों न हो।

## 30 वर्षों से निरंतर सेवा की मिसाल: विशाल नि:शुल्क नेत्र-शिविर का आयोजन

### राधाबाई मोरूमल जयसिंघानी एकता चैरिटेबल ट्रस्ट शहडोल द्वारा तीन दिवसीय नि:शुल्क नेत्र-जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर

**शहडोल।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लगभग 30 वर्षों से निरंतर सक्रिय राधाबाई मोरूमल जयसिंघानी एकता चैरिटेबल ट्रस्ट शहडोल द्वारा एक बार फिर विशाल निःशुल्क नेत्र-शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्वर्गीय बच्चालाल एवं स्वर्गीय गुरूबक्सराय जयसिंघानी की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र-शिविर गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार 22, 23 एवं 24 जनवरी 2026 को प्रातः 8 बजे से आयोजित होगा। शिविर में सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा मोतियाबिंद की जांच एवं ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर की विशेषता यह है कि मरीजों के लिए उत्तम गुणवत्ता के लेंस निःशुल्क लगाए जाएंगे। जरूरतमंद मरीजों को ऑपरेशन के साथ-साथ दवाइयां, चश्मा, किराया एवं कंबल जैसी आवश्यक सुविधाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।शिविर का आयोजन स्थल एकता ट्रस्ट परिसर,




बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे, शहडोल निर्धारित किया गया है। आयोजन में जिले एवं आस-पास के क्षेत्रों के मरीजों के बड़ी संख्या में लाभान्वित होने की संभावना है। लगभग तीन दशकों से लगातार इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ट्रस्ट ने समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए एक विश्वसनीय सेवा-परंपरा स्थापित की है, जो प्रशासनिक एवं सामाजिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। आयोजन समिति ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों को इस शिविर तक पहुंचाने में सहयोग का आग्रह किया है।

# पिकअप चालक की संदिग्ध मौत

## पैर पर जलने के निशान, खेत में मिली लाश

ब्योहारी।

थाना क्षेत्र के कल्हारी गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब बुधवार की सुबह एक 25 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा मिला। मृतक की पहचान अजय कुशवाहा पिता लक्ष्मण कुशवाहा के रूप में हुई है। शव की हालत और घटनास्थल के हालात किसी बड़ी वारदात की गवाही दे रहे हैं, जिसके बाद परिजनों ने सीधे तौर पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिसिया तंत्र को चुनौती दी है।



### शव पर जलने के निशान

जानकारी के अनुसार अजय पेशे से पिकअप चालक था और मंगलवार शाम 5 बजे अपनी बाइक लेकर घर से निकला था। जब वह देर रात तक नहीं लौटा, तो परिजनों की धडक़नें बढ़ गईं। बुधवार सुबह घर से करीब दो किलोमीटर दूर एक खेत में उसकी लाश मिली। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अजय के पैर और कपड़ों पर जलने के निशान पाए गए हैं। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर उसकी बाइक का मिलना मामले को और भी उलझा रहा है। आखिर अजय वहां कैसे पहुंचा और उसके शरीर पर जलने के निशान कहां से आए।

### परिजनों का गंभीर आरोप

घटनास्थल पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर है। परिजनों का साफ कहना है कि अजय की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को खेत में फेंका गया है। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। ब्योहारी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मौत की असली वजह शॉर्ट सर्किट है, कोई दुर्घटना या सोची-समझी हत्या, इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट के बाद ही होगा। हालांकि, पुलिस ने दावा किया है कि वे जल्द ही इस रहस्यमयी मौत का पर्दाफाश कर देंगे।

# जैतपुर युकां ने ब्लॉक अध्यक्ष की मौजूदगी में योगी का पुतला फूंका

बुढ़ार।

हिंदू साधु-संतों के साथ प्रयागराज में हुई कथित अभद्रता और बलपूर्वक कार्रवाई के विरोध में रविवार शाम जैतपुर विधानसभा की युवक कांग्रेस सडक़ पर उतरी। युवक कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक वर्मा के नेतृत्व और बुढ़ार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित सिंह की मौजूदगी में कॉलेज तिराहा (बुढ़ार/धनपुरी) पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर सनातन आस्था का अपमान करने का आरोप लगाते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। युवक कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने कहा कि प्रयागराज में जगत गुरु आदिशंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज सहित सनातन संत समाज के साथ हुई कथित बर्बरता न केवल संत परंपरा का उल्लंघन है, बल्कि धार्मिक आस्थाओं को



चोट पहुंचाने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार धार्मिक परंपराओं को आहत कर रही है, जिसके खिलाफ आवाज और बुलंद की जाएगी। पूरे विरोध कार्यक्रम के मुख्य संचालक अभिषेक वर्मा रहे, जबकि पुतला दहन भी जैतपुर विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में अंकित सिंह की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'धर्म बचाओ, भाजपा हटाओ' के नारे लगाए। नेताओं ने चेतावनी दी कि सनातन संतों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो युवक कांग्रेस क्षेत्र में बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सनातन परंपराओं और संत समाज का सम्मान हर नागरिक का दायित्व है, लेकिन भाजपा सरकार सत्ता के घमंड में इसे भूल चुकी है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो विरोध और उग्र होगा। पुतला दहन के दौरान बड़ी संख्या में युवक मौजूद रहे, जिनमें राम सजीवन शर्मा, मुबारक मास्टर, रामेश्वर गौतम, मनोज जैन, प्रदीप रावत, राजीव शर्मा, मोहन बैगा, अखिलेश छडिय़ा, ओंकार, साबिर, जवाहर, फैज, राहुल पनिका सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### कुपोषित बच्चों को आवश्यक खाद्य सामग्री एवं गर्म कपड़ों का वितरण



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र मे नेशनल वी क्लब आफ इंडिया एसोसिएशन के तत्वावधान मे कोतमा क्लब निः स्वार्थ के माध्यम से कुपोषित बच्चों को आवश्यक खाद्य सामग्री एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीएनसी वार्ड मे नवजात शिशुओं को भी गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे क्लब अध्यक्ष वी श्रीमती मोहिनी वर्मा, सचिव डां. वी संगीता प्रजापति, कोषाध्यक्ष बी बबीता गुप्ता, वी सुमन गुप्ता, वी छाया बरसैंया, वी रजनी खटोल, वी वर्षो चावला एवं अनीता पासवान, प्रतिभा पटेल उपस्थिति रही।

### नव विवाहिता की आग में जलने से मौत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत रेउला गांव मे नव विवाहिता की आग में जलने से मौत का मामला सामने आया है। घटना के बारे में मिली जानकारी अनुसार रेउला गांव निवासी देवप्रताप सिंह की पत्नी आरती सिंह 21 बर्ष रविवार को अपने पांच माह के बच्चे को आग से सेक रही थी तभी अचानक उसके पीछे के हिस्से पीठ एवं कमर मे आग लग गई जिससे वह जल गई लेकिन उसके मना करने पर उपचार घर मे ही चल रहा था। मंगलवार की रात अचानक उसकी हालत खराब हो गई जिससे उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा लाया गया जहां इलाज के दौरान मंगलवार की रात्रि मौत हो गई। मृतिका के माता-पिता ने बताया कि वह खरूहा गांव के निवासी हैं तीन साल हुए उनकी पुत्री की शादी किए उसके पांच माह का एक बच्चा है। नवविवाहिता से जुडा मामला होने के कारण तहसीलदार दशरथ सिंह की उपस्थिति मे शव का पीएम कराते हुए माता पिता एवं ससुराल पक्ष का कथन एसडीओपी आरती शाक्य के द्वारा लेते हुए मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है।

### जिला स्तर से कलस्टरवार नोडल अधिकारी नियुक्त

**उमरिया।** शासन की विभिन्न जन योजनाओं/सेवाओं में हितग्राहियो को लाभ प्रदाय करने हेतु संकल्प से समाधान अभियान तथा सुशासन व स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों/नगरीय निकायों/तहसील एवं जिला स्तर पर उसके पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए 31 मार्च, 2026 तक भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, उक्त योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान चलाया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने अभियान में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र, आवेदन पत्रो पर कार्यवाही तथा की गई कार्यवाही को ऑनलाईन फीड करने हेतु जिला स्तर से कलस्टरवार नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।उन्होने नोडल अधिकारियो को निर्देशित किया है कि मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संकल्प से समाधान अभियान के जारी दिशा-निर्देश आदेश के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जा रहे है। शासन के आदेश का अवलोकन करें तथा अध्ययन पश्चात समस्त चरणों हेतु निर्दिष्ट की गई कार्यवाही तय समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगें।अभियान के दोरान आवंटित सेक्टर का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग बाँधवगढ,मानपुर एवं पाली निरीक्षण करेंगे की नियुक्त किये गये दल द्वारा नियमित रूप से संबंधित ग्राम,ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी, आवेदन पत्र प्राप्त कर रहे है अथवा नही। प्राप्त आवेदन पत्रो पर समय पूर्व कार्यवाही सुनिश्चित करेगों। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## कर्मचारियों के हक पर कुंडली मारकर बैठे जिम्मेदार

# बेशर्मी की हदः हवा में सहायक आयुक्त के फरमान

**उमरिया।** सरकारी सिस्टम में जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश रद्दी की टोकरी की शोभा बढ़ाने लगें, तो समझ लीजिए कि भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पाली में इन दिनों कुछ ऐसा ही आलम है, जहां लगभग आधा सैकड़ा कर्मचारियों के डीए-एरियर का भुगतान फाइलों के बोझ तले दबाकर सुविधा शुल्क की बाट जोह रहा है।




### साहब के आदेश की धज्जियां

हैरानी की बात यह है कि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, उमरिया द्वारा एक के बाद एक दो कड़े पत्र जारी किए जा चुके हैं। हालिया पत्र क्रमांक/शिकायत/2026/259 दिनांक 14.01.2026 में तो स्पष्ट रूप से 03 दिवस के भीतर भुगतान कर कृत कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा गया था। इससे पूर्व 16 सितम्बर 2025 को भी एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन हफ्ता बीता, महीना बीता और अब साल भी बदल गया, मगर पाली बीईओ कार्यालय के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। आखिर वह कौन सी अदृश्य शक्ति है, जो सहायक आयुक्त के आदेशों को भी ठेंगे पर रख रही है?

### पुराने खिलाडि़यों का खेल या नई सेटिंग

चर्चाओं का बाजार गर्म है कि बीईओ कार्यालय में आज भी ऑफ द रिकॉर्ड पुराने चेहरों का दबदबा है, जिन पर पूर्व में भी गंभीर आरोप लग चुके हैं। गलियारों में यह चर्चा आम है कि वर्तमान अधिकारी की शह पर कार्यालय का एक खास बाबू और कुछ पुराने दिग्गज मिलकर एरियर भुगतान की फाइल को रोके हुए हैं। चर्चा हैं कि प्रत्येक कर्मचारी से कथित तौर पर 5-5 हजार रुपये की अघोषित डिमांड है। क्या यही वजह है कि वरिष्ठ कार्यालय के पत्राचार और मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के बार-बार के विरोध के बावजूद भुगतान अटका हुआ है।




### शिक्षक संघ के पत्र बने महज कागज के टुकड़े

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला उमरिया ने श्रीमती संजू तिवारी सहित दर्जनों शिक्षकों के लंबित वेतन और एरियर के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। संघ का आरोप है कि जुलाई 2023 से लेकर अब तक के कई महीनों का एरियर और वेतन पूर्व बीईओ द्वारा रोका गया था, जिसे वर्तमान प्रबंधन भी सुलझाने में नाकाम रहा है। सवाल यह उठता है कि जब आयुक्त कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश द्वारा 16 जनवरी 2025 को ही प्रदेश के समस्त कोषालय अधिकारियों को डीए एरियर जनरेशन की सुविधा त्वरित रूप से उपयोग करने का निर्देश दिया था, तो पाली में यह प्रक्रिया ठप क्यों है।



### अधिकारियों की चुप्पी और कर्मचारियों का दर्द

एक तरफ कर्मचारी महंगाई की मार झेल रहे हैं, उनके परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार महिला अधिकारी होने का तथाकथित ढाल बनाकर अपनी जवाबदेही से बचते नजर आ रहे हैं। क्या नियमों की परिभाषा जेंडर देखकर बदल जाती है, क्या सहायक आयुक्त का पद महज पत्र लिखने तक सीमित है या इन लापरवाह अधिकारियों पर कोई सख्त हंटर भी चलेगा। अगर तीन दिन का अल्टीमेटम हफ्तों में बदल जाए और प्रशासन मौन रहे, तो यह सीधे तौर पर कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। अब देखना यह है कि कलेक्टर इस मामले में संज्ञान लेकर इन कुर्सी तोड़ और फाइल रोक अधिकारियों पर क्या कार्यवाही करते हैं, या फिर कर्मचारियों का हक यूं ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता रहेगा।



## मढि़या धाम में भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मना देवमाता दुर्गा मैय्या का शुभ वर्षगांठ पर्व

**मानपुर।** नगर के हृदय स्थल मढिया धाम में विराजमान जगत जननी देव माता दुर्गा मैया के शभ वर्षगांठ पर्व एवं भव्य दुर्गा मंदिर के स्थापना दिवस को बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ भक्तों ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 जनवरी को मनाया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष ओपी द्विवेदी जी ने जानकारी देते हुए बताया की यह भव्य दुर्गा मंदिर संपूर्ण नगर वासियों के सहयोग से मंदिर निर्माण समिति द्वारा वर्ष 1995 में बुनियाद प्रारंभ की गईं, तथा नगर के प्रत्येक भक्तों के ही दान सहयोग से वर्ष 2005 में भव्य मन्दिर का निर्माण सम्पूर्ण हुआ। तत्पश्चात जयपुर से संगमरमर की अत्यंत बेशकीमती विशाल सुंदर एवं भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 19 जनवरी 2006 को हुई। तब से लेकर प्रत्येक वर्ष मढ़िया समिति और प्रबंध समिति के द्वारा नगर वासियों के सहयोग से देवमाता दुर्गा मैया का वर्षगांठ पर्व भव्यता एवं उल्लास के साथ मनाया जाता रहा है।20 वें वर्षगांठ पर्व के शुभ अवसर पर नगर की उत्साही महिलाओं तथा नगर की महिला रामायण कमेटियो के द्वारा श्री रामचरित मानस का संगीतमय पाठ तथा भजन कीर्तन, नृत्य गीत आदि, भक्तों के द्वारा दिन भर होता रहा, सायंकाल मातारानी की भव्य महा आरती पश्चात नगर वासियों ने अपूर्व उत्साह के साथ माता रानी के दर्शन कर मिष्ठान भोग प्रसाद प्राप्त किया।नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्री राकेश राय जी के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिष्ठान वितरण करवा कर, सपरिवार पूजा अर्चन कर मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं कमेटी के युवा एवं उत्साही नौजवानों विजेंद्र गुप्ता बिज्जू, गोलू सोनी आदि द्वारा खीर भोगप्रसाद का वितरण कराया गया। मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित विद्याचरण शुक्ल जी द्वारा बताया गया कि मढ़िया धाम में विराजित मातारानी के दर्शन मात्र से ही प्रत्येक भक्त के दुख दर्द दूर होकर चमत्कारिक आशीर्वाद प्राप्त होते हैं,व भक्तों के संपूर्ण मनोरथ पूर्ण होते हैं। उक्त संपूर्ण आयोजन में प्रमुख रूप से पं.राम दरश द्विवेदी, नरेंद्र पयासी, राम स्वारिथ कुशवाहा, नसीर अंसारी, प्रभु दयाल तिवारी, मोतीलाल कुशवाहा, अनिरुद्ध द्विवेदी, राहुल शुक्ला, सुरेंद्र मिश्रा,गुड्डा बर्मन, कृष्णा कुशवाहा, शिब्बू बर्मन, जेडी गुप्ता, सुमित सोनी, छोटे बर्मन, अजीत बर्मन, कृष्ण शर्मा त्रिवेणी शरण द्विवेदी आदि कमेटी के प्रत्येक सदस्यों ने उत्साह पूर्वक आयोजन में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया।



## आनंद उत्सव में सहभागिता कर बचपन के दिनों को ग्रामीणों ने किया याद

**उमरिया । शासन के निर्देशानुसार के कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आनंद उत्सव के तहत बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी उत्साह से सहभागिता कर आनंद की अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं।**

करकेली विकासखंड के ग्राम पठारी में आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आनंद के इस कार्यक्रम अंतर्गत कबड्डी, कुर्सी दौड़, 100 मीटर की दौड़, रस्सा खींच, बोरा दौड़ एवं अन्य पारम्परिक खेलों के साथ अन्य सांस्क्रातिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिसमे ग्राम पठारी की महिलाओ, पुरूषो, अतिथियो के साथ ही बच्चों ने हिस्सा लिया । ग्राम के ग्रामीणों ने आनंद उत्समव में भाग लेकर बचपन के दिनों को याद किया। यह उत्सव ग्रामीण क्षेत्रों के महिला एवं पुरुषों में आनंद की अनुभूति दिलाने के लिए आयोजित किया गया । इस अवसर पर सरपंच ग्राम पठारी गोविंद प्रसाद गौतम, जनपद सदस्य सुखसेन कोल, अशोक पांडे, राम प्यारे मिश्रा सेवा निवृत्त शिक्षक , उंचेहरा सरपंच राज कुमार सिंह, प्राचार्य राम सखा चौधरी, कामता बर्मन, पंच मुकेश सिंह, निहारिका पांडेय, माया बर्मन, रहंगडाले शिक्षक, खुशबू सिंह राजपूत ,ऊषा सिंह राजपूत ,दीपक नामदेव, जन अभियान परिषद ,सचिव पठारी कमलेश चौधरी,सचिव उचेहरा नरेंद्र सिंह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पठारी राधा नापित, द्रोपदी पांडेय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उचेहरा कलावती साहू उप सरपंच उचेहरा नर्मदा सिंह ,सहायक सचिव पठारी राजकुमार शुक्ला सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे ।





## संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग की अध्याक्षता में बैठक संपन्न

**उमरिया।** संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग जे.पी. यादव ने सांदीपनी विद्यालय छतवई के सभाकक्ष में शहडोल एवं उमरिया जिले के विभागीय प्राचार्यों की बैठक संपन्ना हुई। बैठक मे विद्यालयों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान छात्रवृति योजनाओं के अंतर्गत एम.पी. टास पोर्टल पर प्रोफाइल पंजीयन, एन, एस. पी. पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन की अपेक्षित प्रगति कम पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। श्री यादव ने प्राचार्यों को निर्देशित किया कि लंबित कार्य जिसमे दोनों पोर्टल पर पंजीयन, एप्लीकेशन, वेरिफिकेशन, स्वीकृति एवं भुगतान की कार्यवाही एक सप्ताह मे पूरी करें। एक सप्ताह बाद पुनः बैठक आयोजित होगी, जिसमें अपेक्षित प्रगति न लाने वाले प्राचार्यो को उसी दिन कारण बताओ सूचना पत्र प्रदान किये जाकर अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी। श्री यादव ने बोर्ड परीक्षाओं मे बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए किये जा रहे प्रयासों और रणनीति पर चर्चा करते हुए प्राचार्यो को निर्देशित किया कि रेमेडियल क्लासेस मे अलग अलग स्तर के विद्यार्थियों को उनकी समस्याओं के आधार पर चिन्हित कर अलग अलग रेमेडियल क्लासेस लगाएं तथा उनका लेखा-जोखा रखें, गुणवत्ता और नियमितता का प्राचार्य स्वयं निरिक्षण करें। गत वर्ष से बेहतर परिणाम के लिए प्राचार्य और शिक्षक पूर्ण समर्पण से कार्य करें।संभागीय उपायुक्त ने कहा की शिक्षकों की अभी 80प्रतिशत ही ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज हो रही है, जो शिक्षक अभी भी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे हैं उनकी सूची प्राप्त कर, शिक्षकों का शत-प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने हेतु प्रेरित कर सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि प्राचार्य नियमित रूप से कुछ कक्षाएं अवश्य लें इससे विद्यार्थियों से आपका जीवंत सम्पर्क रहेगा। प्राचार्य स्टाफ और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का कार्य करें। श्री यादव ने प्राचार्यों को अपनी पोषक और अधीनस्थ प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं का नियमित निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। निरिक्षण के दौरान बच्चों के ज्ञान के स्तर का परीक्षण करें तथा शिक्षकों को कार्य सौंप कर आएं तथा अगले भ्रमण मे उसका परीक्षण करें, इससे बच्चों के शिक्षा की नींव मजबूत होगी । विशिष्ट शालाओं की वर्ष 2026-27 की कक्षा 6 मे प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी से होना है, इस हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी नियत है, अधिक से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आवेदन कराने एवं प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक आयुक्त कार्यालय के संजय पांडे, सहायक संचालक, संभागीय उपायुक्त कार्यालय के सहायक संचालक जे.पी. नापित एवं समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।



## 23 जनवरी शुक्रवार को मनाया जाएगा बसंत पंचमी का पर्व

**हरिभूमि न्यूज कोतमा। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है. बसंत पंचमी को वसंत पंचमी के नाम से भी जाना जाता है. यह दिन ज्ञान, विद्या, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता है. मान्यता है कि इसी दिन मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था, इसलिए इसे मां सरस्वती का जन्मोत्सव भी कहा जाता है। बसंत पंचमी का पर्व न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी विशेष महत्व रखता है।**

इस दिन विद्यार्थी, शिक्षक, कलाकार और संगीत से जुड़े लोग विशेष रूप से मां सरस्वती की पूजा करते हैं और विद्या, बुद्धि व रचनात्मकता के लिए आशीर्वाद मांगते हैं। बसंत पंचमी का पर्व बसंत ऋतु के दौरान इसलिए भी मनाया जाता है क्योंकि इस समय प्रकृति में हरियाली, उल्लास और नई ऊर्जा देखने को मिलती है. बसंत पंचमी के दिन लोग पीले वस्त्र धारण करते हैं और पीले फूलों व पकवानों से मां सरस्वती की आराधना करते हैं। पंडित सुशील द्विवेदी ने बताया कि इस बार बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी को मनाया जाएगा पंचांग के अनुसार, बसंत पंचमी की तिथि 23 जनवरी की रात 2 बजकर 28 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 24 जनवरी की अर्धरात्रि 1 बजकर 46 मिनट पर होगा. जिसके कारण उदयातिथि के मुताबिक, बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी शुक्रवार को ही मनाया जाएगा। बसंत पंचमी को लेकर नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालयों मे विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा आराधना विधि विधान से की जाएगी साथ ही विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।



## बिजुरी पुलिस द्वारा चोरी गये ट्रेक्टर ट्राली को 3 दिन के भीतर किया जप्त

**हरिभूमि न्यूजबिजुरी।** पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा चोरी की घटना की रोकथाम एवं चोरी के मशरुका की अधिक से अधिक बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम व एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन मे थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह के नेतृत्व मे बिजुरी पुलिस द्वारा चोरी गये ट्रेक्टर ट्राली को खोज कर 07 लाख का मशरुका जप्त किया गया। घटना विवरण प्रकार है कि 19 जनवरी को फरियादी रामखेलावन सिंह पिता सम्मन सिह निवासी मैरटोला कटकोना का थाना बिजुरी मे इस आशय का आवेदन दिया कि दिनांक 12-13 जनवरी के दरमियानी रात घर के सामने खडे ट्रेक्टर की ट्राली को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है जिसकी पता तलाश आस पडोस की गयी जिसका कोई पता नही चला। घटना विवरण पर थाना बिजुरी मे अपराध क्रमांक 15/25 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान बिजुरी पुलिस ने मुखबिर तंत्र की सहायता ली गयी तथा सूझ बूझ से आरोपी पवन सिह पाव पिता स्व. ललन सिंह पाव उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 12 मैरटोला कटकोना थाना बिजुरी तथा राकेश सिंह कंवर उर्फ लाला पिता स्व रामविशाल सिंह कंवर उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 05 अस्पताल के सामने टेंघा चौकी केशवाही थाना बुढार जिला शहडोल को गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से चोरी गये मशरुका एवं ट्रेक्टर कीमती 07 लाख रुपये का जप्त किया जाकर आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, प्रआर बसंत कोल, गोपाल सिह, आर अभिषेक शर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही।




## विशाखापटनम में आयोजित पेसा महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज, कोतमा।** आंध्र प्रदेश के विशाखापटनम में 22 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित पेसा महोत्सव का राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में मध्य प्रदेश ने कबड्डी प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त की थी। मध्य प्रदेश पुरुष कबड्डी टीम ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया था महिला कबड्डी टीम फाइनल में उपविजेता रही। इस उपलब्धि में जिला पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जगन्नाथ सिंह मरकाम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनको अग्रिम शुभकामना दी जिला कबड्डी संघ अनूपपुर के संरक्षक संग्राम सिंह धुर्वे, अध्यक्ष आशुतोष सिंह मार्को, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह चंदेल, सह सचिव खेलन प्रसाद कोल, कोषाध्यक्ष संजय सिंह राठौर, राजेश सिंह, जिला समन्वयक पेसा एक्ट एवं मिथलेश सिंह नेताम समन्वयक विकास खंड कोतमा खेल एवं युवा कल्याण विभाग अनूपपुर, मध्यप्रदेश कबड्डी टीम के कोच के रूप कार्य करते हुए विशेष योगदान दिया था। उनके मार्गदर्शन एवं समन्वय से अनूपपुर जिले से पेसा महोत्सव राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता विशाखापट्नम आँध्रप्रदेश में मध्यप्रदेश के जिला अनूपपुर से 5 पुरुष वा 4 महिला खिलाडियों ने भाग लिए था। विकास खंड पुष्पराजगढ ग्राम पंचायत खेतगांव से बसंत कुमार सिंह, विक्रम सिंह, त्रिवेंद्र कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह, गोपाल सिंह ने फाइनल में मध्यप्रदेश टीम उड़ीसा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, विकास खंड कोतमा से महिला वर्ग में ग्राम पंचायत बैहाटोला से पार्वती सिंह, सुषमा रानी, नगर पालिका परिषद कोतमा के वार्ड नंबर 10 से चित्रा कोल, वार्ड नंबर 14 मोनू सिंह धुर्वे फाइनल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया पेसा महोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना और टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए राज्य को गौरवान्वित किया। पुरुष टीम द्वारा विजेता और महिला टीम द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त करना न केवल मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय है बल्कि यह पेसा क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की संभावनाओं और सशक्तिकरण को भी दर्शाता है। पेसा महोत्सव 2025 ने आदिवासी क्षेत्रों की संस्कृति, खेल और सहभागिता को राष्ट्रीय मंच प्रदान करते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश दिया।



**खबर संक्षेप**

## जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 28 को

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार, 28 जनवरी को जिला पंचायत के सभा कक्ष में दोपहर 12 बजे से निर्धारित एजेंडा के अनुसार आयोजित होगी। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के साथ के मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना अंतर्गत संपर्कता विहीन बसाहटो की सूची, पीडब्ल्यूडी विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों एवं प्रस्तावित कार्यों , शिक्षा विभाग में शालाओं के उन्नयन, जिला पंचायत की स्थाई समितियों की बैठकों के संबंध में चर्चा सहित ग्राम पंचायत खजुरा और देवरा खुर्द में कराए गए चिन्हित निर्माण कार्यों सहित अन्य विभागीय योजनाओं, गतिविधियों और प्रगति की जानकारी पर चर्चा होगी। सुश्री कौर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों को पालन प्रतिवेदन की जानकारी सहित विभाग में संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के साथ बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं । सीईओ सुश्री कौर ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों को बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

## सामाजिक समरसता के बिना नही हो सकता समाज का विकास



**स्लीमनाबाद।** कुशवाहा समाज की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को स्लीमनाबाद में आयोजित हुई जिसमें सामाजिक उत्थान को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सामाजिक बैठक संभागीय अध्यक्ष कुशवाहा महासभा रामराज पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें समाज मै फैली कुरीतियों को दूर करने ओर समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने पर बल दिया गया। संभागीय अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक समरसता के बिना समाज का विकास नही हो सकता है। समाज के पिछड़े व्यक्तियों के आर्थिक सहयोग के लिए आगे आये!समाज मै शिक्षा की अलख जगाये जिससे समाज के लोग शिक्षित हो जिससे सरकारी नौकरी के साथ -साथ स्वयं का रोजगार स्थापित कर सके। समाज की जहाँ भी बैठके आयोजित हो वहाँ समाज जन बड़ी संख्या मै शामिल होवें जिससे सामाजिक विकास को लेकर रुपरेखा बनाई जा सके। इस दौरान संतराम पटेल, रामकृपाल हल्दकार, राजाराम कुशवाहा, कंधीलाल हल्दकार, बद्री प्रसाद हल्दकार, सुरजीत हल्दकार, राजेश हल्दकार, रघुनाथ हल्दकार, रामनारायण मौर्य सहित बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज जनों की उपस्थिति रही।

## मांसाहारी पदार्थों का क्रय विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**कटनी।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी तथा गांधी निर्वाण दिवस 30 जनवरी को नगर में मांसाहारी पदार्थ का क्रय-विक्रय बंद रहेगा। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने नागरिकों एवं मांसाहारी पदार्थों का क्रय-विक्रय करने वाले दुकानदारों को सूचित किया है कि वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी तथा गांधी निर्वाण दिवस को मांसाहारी पदार्थों का क्रय विक्रय न करें। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## सहयोग पर आभार

**कटनी।** SC/ST/OBC के संयुक्त मोर्चा द्वारा भोपाल में आयोजित महासम्मेलन में कटनी से बड़ी संख्या में अजाक्स, भीम आर्मी, जयस एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी भाग लेकर अपने हक़ अधिकारों को लेकर आवाज़ बुलंद करते हुए अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष IAS संतोष वर्मा के समर्थन में पहुंच कर एकता भाई चारे का परिचय दिया है। जिला अध्यक्ष अजाक्स अरविन्द सिंह धुर्वे ने सभी साथियों का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हैं।



# 7 वर्ष से हत्या के फरार आरोपी सुरेश यादव को न्यायालय ने सुनाया आजीवन कारावास की सजा

**बुढार। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय बुढार के मा. न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2026 को सत्र प्रकरण क्रमांक 32/2022 शासन बनाम सुरेश यादव को धारा 302, भा.द.वि. के अधीन दोषी मानते हुये आजीवन कारावास एवं 5 हजार जुर्माना तथा धारा 201 भा.द.वि. में 3 वर्ष की सजा एवं 1 हजार जुर्माना से दण्डित का सजा सुनाया।**




थाना बुढार अंतर्गत ग्राम सोनवर्षा में आरोपी सुरेश यादव ने अपने अन्य साथियों के साथ पूरन यादव को चाकू एवं डण्डे से मारकर हत्या कारित व साक्ष्य का विलोपन किया और उक्त प्रकरण में घटना दिनांक से आरोपी सुरेश यादव फरार हो गया था जिसको पुलिस ने 7 वर्ष बाद गिरफ्तार कर उसका पूरक चालान प्रस्तुत किया। उक्त प्रकरण में अन्य अभियुक्त अभिषेक उर्फ लाला एवं माता प्रसाद उर्फ गोलू को पूर्व में न्यायालय द्वारा दोषमुक्त कर दिया गया था, वहीं अन्य अभियुक्त गुड्डू उर्फ हेमराज को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास से दण्डित किया गया था। तदाशय की जानकारी अपर लोक अभियोजक आलोक राय ने दी। अभियोजन की कहानी इस प्रकार रही कि - दिनांक 28 अक्टूबर 2015 को सोनवर्षा में फरियादी सूरज यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि - उसके पिता पूरनलाल को आरोपी गण ने चाकू से मारकर मोटरसाइकिल चालू कर भाग गये थे, पूरनलाल के अस्पताल में मृत्यु होने पर मर्ग कायम कर अन्य कार्यवाही कर आरोपीगणों के विरुद्ध न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया था जिसकी विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी सतीश द्विवेदी ने की थी। मा. न्यायालय में परीक्षण उपरांत साक्षीगणों के कथन एवं विवेचक सतीश द्विवेदी के कथन एवं चिकित्सक के साक्ष्य को विश्वसनीय मानते हुए एवं न्यायालयीन विज्ञान प्रयोगशाला सागर में चाकू एवं कपडे में पाया गया, रक्त एक ही है इससे यह सिद्ध होता है कि - मृतक की उसी चाकू से हत्या की गई है जो जब्त की गई थी। अन्य साक्ष्यों के कथन को विश्वसनीय मानते हुए माननीय न्यायालय में उपस्थित आरोपी सुरेश यादव को धारा 302, 201 के तहत दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई। मामले में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक आलोक राय एवं अशोक सिसोदिया ने की।

## गुम इंसान का शव कुएं में उतराता मिला



### केशवाही चौकी के गांव पकरिया का मामला

**बुढ़ार।** थाना के अंतर्गत चौकी केशवाही क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पकरिया में आज दोपहर कुएं में एक युवक की तैरता हुआ शव मिलने से गांव के लोगों में भारी आक्रोश है। मौके पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विकास पांडेय एवं डाक एक्सपर्ट टीम पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।जानकारी के मुताबिक विगत 14 जनवरी रात्रि 8:00 बजे से मृतक लापता था जिसको परिजनों के द्वारा बहुत देर तक ढूंढने के बाद चौकी केशवाही में सूचना दी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर पतासाजी कर रहे थे उसी दौरान 21 जनवरी को दोपहर पुलिस को सूचना मिली की पकरिया कुएं में तैराता हुआ दिखाई दे रहा है।यह खबर सुनकर ग्रामवासियों ने अफरा तफरी का माहौल हो गया जब गांव के लोगों को सूचना मिला की पकरिया के केशवाही तिराहे के पास एक कुआं में इस गुमशुदा व्यक्ति का बॉडी उतरता हुआ मिला गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है सूचना मिलते ही केशवाही चौकी प्रभारी गंगा सिंह मार्को एवं बुढार नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर लोगों को समझाइए देखते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द पड़कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## खेत में लाश मिलने से सनसनी

**ब्योहारी।** ब्योहारी जनपद पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत थाना ब्योहारी के कल्हारी ग्राम पंचायत में अजय कुशवाहा पिता लक्ष्मण कुशवाहा कि आज खेत लाश मिलने से लोगों में भय का वातावरण है लोगों में आशंका जताई जा रही है कि अजय कुशवाहा कि अज्ञात लोगों ने हत्या कर खेत में लाश को फेंक दिया गया है जब लोग सुबह अपने खेत कि ओर गये तो अजय कुशवाहा मृत देख लोगों के पैर के नीचे कि जमीन खिसक गई बाताया जाता है कि अजय कुशवाहा ब्योहारी में किसी व्यापारी के पिकअप में डायवर था और अपने घर माता जी से यह कह कर चला था कि पिकअप लेकर बाहर जाना है लेकिन दूसरे दिन अजत कुशवाहा कि लाश मिली। बाताया जाता है कि पुलिस प्रशासन पहुंच गए और परिवार वाले लाश नहीं उठने दें है मृतक परिवार से कुत्ता कि मांग कर रहे हैं कुत्ता जब तक नहीं आऐगा मृतक को पी एम (पोस्ट मार्टम) के लिए ब्योहारी सिविल अस्पताल लाश को नहीं उठाने देंगे गांव लोग भीड़ लगी हुई है। *समाचार लिखे जाने तक अजय कुशवाहा कि खेत लाश पड़ी थी पुलिस प्रशासन पहुंच गया है।



## चौपाल में ग्रामीणों ने बताई समस्यायें, शीघ्र निराकरण का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्राम कुदवारी में ग्रामीण समस्याओं के निराकरण को लेकर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। यह चौपाल समाजसेवी चंद्रकांत चंदू चौरसिया के नेतृत्व में आयोजित हुई, जिसमें सरपंच अनीता कोरी, ग्राम सचिव सतीश गौतम तथा समाजसेवी गुड्डा कोरी की विशेष मौजूदगी रही। ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। चौपाल के दौरान कुदवारी गांव की महिलाओं ने गंभीर पेयजल संकट की ओर ध्यान आकर्षित कराया। महिलाओं ने बताया कि गांव में पानी की स्थिति अत्यंत दयनीय है। कभी पानी की सप्लाई चालू रहती है तो कभी अचानक बंद हो जाती है। पानी की टंकी में लगा समरसेबल पंप बार-बार खराब हो जाने से गांव को नियमित जलापूर्ति नहीं मिल पा रही है। इसका सबसे अधिक असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है, जिन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

## कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत जिले के 559 किसानों के खेतों में लगेंगे सोलर पंप

*विजयराघवगढ़ एवं रीठी में विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन 22 को*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना॰ के तहत कटनी जिले के 559 किसानों को सोलर पंप का लाभ दिया जाना है। इन किसानों को सोलरपंप योजना से लाभान्वित कराने कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 22 जनवरी को विकासखण्ड विजयराघवगढ़ व रीठी में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।

### अधिकारियों को निर्देश

इसके लिये कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी विकासखंड के कृषि विकास अधिकारियों, ऊर्जा विकास निगम के प्रभारी, सेंट्रल बैंक के प्रबंधक, लीड बैंक प्रबंधक और एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री को कार्य दायित्व सौंपते हुये शिविरों में उपस्थित रहकर किसानों की मदद करने के निर्देश दिये हैं।

### आय में बढ़ोत्तरी एवं आर्थिक विकास

प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (कुसुम) योजना केन्द्र शासन द्वारा लागू की गई है। भारत सरकार द्वारा कृषकों की आय में बढ़ोतरी एवं आर्थिक विकास के लिये लागू, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महा अभियान (कुसुम) योजनान्तर्गत घटक कुसुम-ब लागू की गई है। प्रदेश में यह योजना ॰प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना॰ के नाम से संचालित है। कुसुम-ब के अन्तर्गत कृषकों के यहां ऑफ ग्रिड सोलर पम्पों की स्थापना की जाती है।

### मिलेगा 90 फीसदी अनुदान

कृषकों की भूमि पर सोलर पंप की स्थापना के लिये, वर्तमान में ॰प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना॰ के अन्तर्गत किसानों को 1 एच.पी. से 7.5 एच.पी. तक क्षमता के पम्प पर 90 प्रतिशत सब्सिडी (अनुदान) दिये जाने का प्रावधान है। सोलर पंप की दैनिक उपयोगिता उपरांत, सोलर पैनलों की उत्पादित अतिरिक्त ऊर्जा के वैकल्पिक उपयोग हेतु यूनिवर्सल सोलर पंप कन्ट्रोलर (यू.एस.पी.सी.) के उपयोग का विकल्प भी कृषकों को दिया गया है।

कलेक्टर द्वारा आदेश के अनुसार विकासखंड विजयराघवगढ़ और रीठी में 22 जनवरी को, विकासखंड कटनी और बड़वारा में 23 जनवरी को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### किसानों को लाभ लेने के लिए ये जरूरी दस्तावेज

योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही किसानों को शिविर स्थल पर के आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर तथा बैंक खाता खोलने हेतु 100 रूपये की राशि के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

## ग्रामोत्सव का हुआ आयोजन, निकाली गई रैली



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मड़ई के समन्वय एवं सहयोग से डॉक्टर तेज सिंह केशवाल (जिला समन्वयक) के मुख्य आतिथ्य एवं अनिल कांबले, आनंदम विभाग तथा बालमुकुंद मिश्रा ब्लॉक समन्वय के विशेष आतिथ्य में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़ई के सुर्खी भगवान शंकर मंदिर परिसर में ग्राम उत्सव का कार्यक्रम किया गया जिसमें अभियान संबंधित निर्धारित विषयों की जानकारी देते हुए विभिन्न गतिविधियों के साथ–साथ उपस्थित जन समुदाय के द्वारा कुर्सी दौड़ नशा मुक्ति जागरूकता रैली सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष आरएल चौधरी, राजकुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष प्रस्तुत समिति मड़ई रामानुज पांडे परामर्शदाता, राजू यादव नवांकुर संस्था क्रमांक 01 बाबू श्याम कोल नवांकुर संस्था रूपा बर्मन, माया निषाद,(कार्यक्रम अधिकारी) शिवकुमार चौधरी बारडोली वेलफेयर सोसायटी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के सेक्टर प्रभारी गणपत कोल,सतीश त्रिपाठी सदस्य प्रस्फुटन समिति सहित उर्मिला सिंह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

## मप्र यूथ गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महाविद्यालय की छात्राओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

म.प्र. यूथ गेम्स के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं बड़वारा में आयोजित की गई थी जिसमे शासकीय महाविद्यालय बड़वारा की छात्राओं ने पिट्ठू एवं कबड्डी खेल में भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसके बाद उनका चयन जिला स्तर के लिए किया गया था।

### अब संभाग स्तर पर खेलेंगी

जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं कटनी में 17 एवं 19 जनवरी को आयोजित की गई जिसमें बड़वारा महाविद्यालय की पिट्ठू की टीम ने फाइनल में विजयराघवगढ़ को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया जिसके बाद टीम की सभी 6 खिलाड़ियों मुस्कान चौहान, मुस्कान रजक, शालिनी गुप्ता, पूनम सिंह, अमिता सिंह एवं ज्योति प्रजापति का चयन संभाग स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता के लिए किया गया है। साथ ही रीनू बर्मन एवं रुक्मणि केवट का चयन कबड्डी में किया गया है। सभी चयनित छात्राएँ जबलपुर में आयोजित होने वाले म.प्र. यूथ गेम्स अंडर 19 में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। समस्त छात्रायें महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के मार्गदर्शन में खेल का अभ्यास कर रहीं थीं । छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल. के. सिंह एवं समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं ।



## छात्र- छात्राओं के द्वारा जल संरक्षण, नशामुक्ति सहित स्वदेशी जागरण पर हुए विविध आयोजन

*ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

मप्र जन अभियान परिषद् विकासखण्ड रीठी द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रीठी के सभागार में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत रीठी के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश साहू, जनपद सदस्य रतिलाल चौधरी व नारायण सोनी और जितेंद्र चौहान उपस्थित हुए।

उद्बोधन में प्रकाश साहू ने बताया कि जन अभियान परिषद् द्वारा मैदानी स्तर पर प्रदेश सरकार के अन्य विभागों के साथ मिलकर ग्रामों में ग्रामोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जो सराहनीय है। इस अभियान में ग्रामोत्सव, ग्राम चौपाल, ग्राम रैली, सामूहिक श्रमदान, परिवार सम्पर्क कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन एवं स्वदेशी, नागरिक सेवा, शिक्षा एवं संस्कार, नशामुक्त समाज एवं गौ-संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।



जल सरंक्षण पर सोनम बर्मन और आस्था ने नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात नशामुक्ति पर शानदार नाटक प्रस्तुत किया जिसमें महेश, शुभम, पुलकित, राघवेंद्र, अंजली, सावित्री, शनि, अंशुमान ने भाग लिया। परामर्शदाता अरुण तिवारी द्वारा भी अपने विचार रखते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने व लाभ दिलाने के लिए हर सम्भव प्रयास पर बात कही। इसके बाद साक्षी सोनिया द्वारा देशभक्ति गीत व क्रांति लोधी द्वारा नशामुक्ति स्लोगन प्रस्तुत किया गया।

स्वदेशी संकल्प दौड़, एवम राष्ट्रीय स्तर पर चयनित बंदना पटेल, अलवीना मसीह की कब्बड़ी टीम ने खेल खेल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनका मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा प्रमाण पत्र एवम् पुरस्कार वितरण कर कर सम्मानित किया गया। छात्रों ने रंगोली बनाकर इस अभियान को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया

इसके उपरांत वि.ख. समन्वयक द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 12 जनवरी से 26 जनवरी के मध्य प्रदेश के समस्त विकासखंडों व चिन्हित ग्रामों में किया जा रहा है। जिसमें शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं ग्रामीण प्रतिभाओं का सम्मान आदि ग्राम उत्सव में किया जाएगा। मंच का संचालन परामर्शदाता शरद यादव द्वारा किया गया।

## भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

खमरिया बागरी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का मनाया गया। कथावाचक पं. मानवेंद्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा को भावपूर्ण शैली में विस्तार से सुनाया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। जैसे ही भगवान कृष्ण के अवतरण का प्रसंग आया, पूरा कथा पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया।कथा के दौरान जब "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की", "हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की" जैसे मनमोहक भजनों की गूंज हुई, तो श्रद्धालु अपने स्थान पर ही झूम उठे। भजनों की मधुर धुनों के बीच जैसे ही बालकृष्ण की आकर्षक झांकी का दर्शन कराया गया।



झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह और उमंग देखने को मिली।श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के विशेष अवसर पर कथा पांडाल को गुब्बारों और रंग-बिरंगे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बन गया। कथा प्रसंग के दौरान जब वसुदेव जी बालकृष्ण को डलिया में लेकर कारागार से बाहर निकलते हैं, उस दृश्य का मंचन अत्यंत जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इस अलौकिक दृश्य की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई और पूरा पांडाल "जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गूंज उठा।

कथावाचक ने कथा के माध्यम से जीवन का गूढ़ संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन भर अहंकार में डूबा रहता है, लेकिन जब जीवन का अंतिम समय निकट आता है, तब उसे ईश्वर की याद आती है।

## 30 लाख के विकास कार्य का हुआ भूमि पूजन, परेशानियों से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राम मनोहर लोहिया वार्ड अंतर्गत चण्डिका नगर विकास की दिशा में एक अहम पहल का साक्षी बना।जब क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही जल निकासी समस्या को ध्यान में रखते हुए लगभग 30 लाख रुपये की लागत से सीसी नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य और क्षेत्रीय पार्षद उमेन्द्र अहिरवार की विशेष उपस्थिति रही। सामाजिक समरसता और जनभागीदारी का संदेश देते हुए भूमिपूजन वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों कराया गया। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। महापौर श्रीमती सूरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर निगम विकास को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के स्थायी समाधान के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि सीसी नाला निर्माण से चण्डिका नगर को जलभराव और गंदगी की समस्या से मुक्ति मिलेगी।नगर निगम गुणवत्ता और समय-सीमा के साथ विकास कार्य पूर्ण करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, जिससे नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।स्थानीय नागरिकों ने महापौर एवं नगर निगम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीसी नाला निर्माण से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा ।

**खबर संक्षेप**

## संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 8361 आवेदन पत्र दर्ज




अनूपपुर। जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता एवं समयबद्धता और प्रभावी तरीके से पात्र लाभार्थियों को लाभ उपलब्ध कराने तथा सुशासन और विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से ''संकल्प से समाधान'' अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक पूरे प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चार चरणों में संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत अभियान के प्रथम चरण (12 जनवरी से 15 फरवरी) में ग्राम पंचायत/नगरीय वार्ड स्तर पर समितियां गठित कर घर-घर जाकर या शिविरों के माध्यम से आवेदन/शिकायतें एकत्र की जा रही है। एकत्रित आवेदनों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज भी किया जा रहा है। अब तक जिले में कुल 8361 आवेदन दर्ज किए जा चुके हैं। जिसमें से विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ के 4700 आवेदन, विकासखण्ड कोतमा के 2220 आवेदन, विकासखण्ड जैतहरी के 1116 आवेदन तथा विकासखण्ड अनूपपुर के 325 आवेदन शामिल हैं।

## गणतंत्र दिवस पर प्रभारी मंत्री होंगे मुख्य अतिथि



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री एवं मध्य प्रदेश वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर जिले के गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे इनके द्वारा गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण तिरंगे की सलामी लेंगे मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम के प्रस्तुति एवं विशेष परेड मार्च का आयोजन होगा।

## दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को



अनूपपुर। मध्यप्रदेश की जीवन रेखा, संस्कृति सलिला मां नर्मदा की जयंती के अवसर पर दो दिवसीय माँ नर्मदा महोत्सव-2026 का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को मां नर्मदा की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में होगा। दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव के प्रथम दिवस प्रातः 11 बजे मां नर्मदा शोभायात्रा, दोपहर 1 बजे अखण्ड कीर्तन, शाम 4 बजे निर्झरणी महोत्सव, शाम 7 बजे महाआरती तथा रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय दिवस प्रातः 11 बजे मां नर्मदा जन्मोत्सव पूजन, दोपहर 12 बजे कन्या पूजन एवं भण्डारा, शाम 6:45 बजे मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में महाआरती, शाम 7:15 बजे रामघाट अमरकंटक में मां नर्मदा महाआरती का आयोजन होगा तथा रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक संध्या अंतर्गत "हर हर शंभू शिव महादेवा" फेम मशहूर गायक अभिलिप्सा पांडा द्वारा भक्ति गीतों की विशेष प्रस्तुति रामघाट के उत्तर तट में दी जाएगी। आयोजन में नागरिकों, श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों से सहभागिता करने की अपील जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत सेक्टर स्तरीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम हुई आयोजित



बिजुरी। जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण बिजुरी के कार्यालय में ग्राम विकास पखवाड़ा के अंतर्गत ''ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश'' अभियान के तहत सेक्टर स्तरीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण विकास, सामाजिक जागरूकता एवं जनभागीदारी को सशक्त बनाना रहा। व्याख्यानमाला के दौरान वक्ताओं ने ग्रामोदय से अभ्युदय की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि गांवों का समग्र विकास ही प्रदेश की प्रगति का आधार है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं की भागीदारी पर विशेष जोर दिया। साथ ही शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष श्रीमती शहबिन पनिका, नायब तहसीलदार धनीराम सिंह, जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक सरीमन साकेत, नगरपालिका परिषद बिजुरी के पार्षदगण, नवांकुर संस्था के पदाधिकारी, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, आमजन की सक्रिय सहभागिता रही।

### दो छात्रायें पहले हुईं गायब, फिर बरामद, अब चल रही कागजी कार्यवाही

# .. तो क्या बड़ी वारदात का इंतजार कर रहा प्रशासन?



**मामला कन्या शिक्षा परिषर पुष्पराजगढ़ का**

**देश प्रदेश की सरकारें जनजाति बच्चे बच्चियो को शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित कराने हेतु विभिन्न योजनायें बनाती व क्रियान्वित करती आई हैं उन्ही योजनाओं में से एक पायलेट परियोजना के तहत कन्या शिक्षा परिषर का पुष्पराजगढ़ में आवासीय विद्यालय के रूप में संचालन विगत दो दशकों से हो रहा है**

हरिभूमि न्यूज राजेंद्रग्राम।



हरिभूमि

कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ में लापरवाह प्रशासन के खिलाफ आदिवासी संगठनों का फूटा गुस्सा

दूसरी तरफ जिन्हे इनकी जिम्मेवारी सौंपी गई है वे सरकारी नियमों की अनदेखी कर अपना मनमाना रवैया अख्तियार किये हुये हैं जिसकी बानगी विगत 14 जनवरी को दो छात्राओं के गायब होने के रूप में दिखाई दी इन छात्राओं की जिम्मेवारी जिस हास्टल अधीक्षिका बसंता मरावी के पास थी वे कभी भी छात्रावास में निवास नही करती।

कन्या शिक्षा परिषर पुष्पराजगढ़ में दो छात्रावास संचालित हैं यह आवासीय विद्यालय पूर्णतः बालिकाओं के लिये बनाया गया है कक्षा 6 से 8 तक कुल 210 छात्रायें हैं जिनकी अधीक्षिका कुम्हारिन सिंह वर्तमान में हैं वहीं दूसरे छात्रावास जो 9 से 12 तक के लिये संचालित हैं उसमे 197 छात्रायें रहती हैं जिसकी जिम्मेवारी बसंता भोग सिंह मरावी के पास है इन्ही बसंता भोग सिंह मरावी के छात्रावास में रहने वाली दो छात्रायें 14 जनवरी को अचानक लापता हो जाती है पता तलासी के दौरान राजेन्द्रग्राम पुलिस को जबलपुर में बरामदगी मिलती है इस बीच कन्या शिक्षा परिषर की प्राचार्या चित्रा सोनवानी को जब इस घटना की सूचना मिलती है तब उनके द्वारा अधीक्षिका बसंता भोग सिंह मरावी को गैर जिम्मेदाराना आचरण के लिये बोला जाता है साथ ही उक्त घटना की जानकारी अतिशीघ्र पुलिस थाने में देने का निर्देश दिया जाता है तब कहीं थाना राजेन्द्रग्राम में लापता हुई दोनों छात्राओं की गुमसुदगी वाला आवेदन दिया गया बहरहाल दो दिनों की कड़ी मसक्त से ही गायब छात्रायें बरामद कर ली जाती हैं और खुशी की बात यह है कि इन बालिकाओं के साथ कोई बड़ी वारदात घटित नही हुई किन्तु जिम्मेदार प्रशासन की नींद शायद किसी बड़ी वारदात के इंतजार में लगी हुई है।

### पूर्व की लापरवाही

शासकीय कन्या शिक्षा परिषर पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर की प्राचार्या चित्रा सोनवानी के अधोहस्ताक्षरित पत्र क्रमांक 572/2025 दिनांक 15.12.2025 को 9 से 12 तक की छात्रावास अधीक्षिका बसंता भोग सिंह मरावी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने बावत पत्र लिखा गया था जो जिला कलेक्टर, संभागीय आयुक्त एवं सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को सूचनार्थ रहा जिसमें उल्लेख किया गया था कि छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अधीक्षिका को छात्रावास में ही निवास करने का प्रावधान है किन्तु वर्तमान अधीक्षिका यहां निवास नही करतीं साथ ही एक घटना का उल्लेख भी उक्त पत्र में मिलता है जिसमें बताया गया कि 14.11.2025 को रात 10 बजे छात्रावास में निवासरत छात्रा इनका स्वास्थ्य खराब होने से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुष्पराजगढ़ में भर्ती कराना पड़ा यह कार्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के द्वारा कराया गया इस दौरान अधीक्षिका बसंता भोग सिंह मरावी को लगातार फोन किये गये किन्तु छात्रावास से अन्यत्र निवासरत इनके द्वारा फोन भी नही उठाया गया।

### यह है मामला

बीते मकर संक्राति 14 जनवरी दिन बुधवार को कक्षा 11 में पढ़ने वाली दो छात्रायें अचानक लापता हो जाती है देर शाम तक इसकी जानकारी किसी को नही होती अचानक पता चलता है कि छात्रायें नदारद हैं तब आनन फानन में पुलिस को सूचना दी जाती है वहीं छात्राओं की जिम्मेवारी संभाल रहीं बसंता भोग सिंह मरावी इस घटना के बाद भी छात्रावास में निवासरत नही मिलतीं तब 16 जनवरी को पत्र क्रमांक 598 जारी कर कारण बताओं नोटिश प्राचार्य द्वारा देते हुये सवाल खड़े किये जाते हैं जिसमें उल्लेखित है कि छात्रावास अधीक्षिका बसंता भोग सिंह मरावी वरिष्ठ कार्यालयों के पत्रों का निडरता से उलंघन कर रही हैं एवं पूर्व में जारी पत्रों को कचरे के ढेर में फेंकने से गुरहेज नही करतीं यही वजह है कि कक्षा 11 की दो छात्रायें लापता हुई हैं यदि समय रहते खोजबीन की जाती तो ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता था।

### कागजों पर जांच जारी

संभाग शहडोल में इन दिनों बालिका छात्रावास में रहने वाली छात्राओं के साथ गंभीर अपराधों की बाढ़ सी आई हुई है जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं अनुसूचित जाति विभाग के आधीन कार्यरत कर्मचारियों की है, शासन पैसों की कोई कमी उक्त विभाग को होने नही देती वहीं सर्वाधिक कमीशन खोरी एवं बंदरबांट की खबरें अक्सर अखबारों की सुर्खियां बटोरती हैं सूत्रों की माने तो अधिकांश छात्रावासों की अधीक्षिकों से एक तय राशि प्रतिमाह वसूली जाती है जो बाद में चिन्हित लोगों के मुंह का ग्रास बन जाती है यही वजह है कि अधिकांश अधिक्षिकायें अपनी मनमर्जी चला लेती हैं वरना छात्रावास में ही निवास जैसे नियमों की खुलेआम उलंघन बसंता भोग सिंह मरावी करने की हिमाकत नही जुटा पातीं, बहरहाल यह विभाग का अंदरूनी मामला है किन्तु गायब छात्राओं के साथ यदि कोई बड़ी वारदात हो जाती तो यह विभाग जो अभी कागजों में जांच कर रहा है त्वरित कार्यवाही कर अपनी पीठ थपथपाने से पीछे नही हटता। सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग अनूपपुर सरिता नायक से लगातार 3 दिनों से फोन द्वारा संपर्क साधा गया किन्तु उनके द्वारा फोन उठाना मुनासिफ नही समझा जा रहा है।

**इनका कहना है**

अधीक्षिका बसंता भोग सिंह मरावी को पूर्व में ही नोटिस दी गई थी कि आप छात्रावास में निवासरत नही रहतीं यह शासकीय आदेश की अवहेलना है किन्तु इनके द्वारा अपनी हठधर्मिता जारी रखी गई।

**चित्रा सोनवानी**
**प्राचार्या शा. कन्या शिक्षा परिषर**

# आईजीएनटीयू अमरकंटक में बड़ा प्रशासनिक उलटफेर

**छात्रावास व अनुशासन व्यवस्था की कमान बदली, 28 अधिकारी हटाए गए**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू), अमरकंटक में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। छात्रावास प्रबंधन और अनुशासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक साथ 28 अधिकारियों को उनके दायित्वों से मुक्त करते हुए नई नियुक्तियाँ की हैं। इस निर्णय को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

तीन चीफ वार्डन सहित 28 अधिकारियों को हटाया गया जारी आदेश के अनुसार, तीन चीफ वार्डन प्रो. विकास सिंह, प्रो. शिव कुमार मिश्रा और प्रो. ऋचा चतुर्वेदी, साथ ही 22 वार्डन, चीफ प्रॉक्टर प्रो. शैलेंद्र भदौरिया एवं डिप्टी प्रॉक्टर डॉ. संतोष सोनकर को उनके पदों से हटा दिया गया है। इस तरह कुल 28 अधिकारियों में बदलाव किया गया, जिससे विश्वविद्यालय परिसर में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है।

### व्यवस्था सुधारने की कवायद, सकारात्मक बदलाव की उम्मीद

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह फेरबदल संस्थान की व्यवस्थाओं को मजबूत करने और सुचारू संचालन के लिए किया गया है। सूत्रों का कहना है कि छात्रावास प्रबंधन और अनुशासन से जुड़ी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। नई नियुक्तियों से परिसर में अनुशासन, सुरक्षा और प्रशासनिक कार्यकुशलता में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

### नई टीम गठित, 45 नए वार्डन और नया चीफ प्रॉक्टर नियुक्त

नई व्यवस्था के तहत प्रो. पूनम शर्मा को चीफ वार्डन नियुक्त किया गया है, जबकि 45 नए वार्डन छात्रावासों की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, प्रो. मनीषा शर्मा को विश्वविद्यालय का नया चीफ प्रॉक्टर बनाया गया है। प्रशासन का मानना है कि नई टीम छात्रावासों की निगरानी और अनुशासन व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगी।

### नए प्रभारी कुलपति की रेस हुई तेज

विश्वविद्यालय में बड़े प्रशासनिक फेरबदल के बाद प्रभारी कुलपति की रेस तेज हो चली है कयास लगाए जा रहे है कि प्रो. ए. के. शुक्ला, प्रो. आलोक सूत्रीय और प्रो. भूमिनाथ त्रिपाठी में से कोई एक जल्द ही प्रभार ले सकते है और वर्तमान प्रभारी कुलपति प्रो. व्योमकेश त्रिपाठी किसी अन्य विश्वद्यालय में नया प्रभार ले सकते है।

# प्राचार्य कुम्भकर्णीय नींद में, जनभागीदारी को निगलता तंत्र, छात्र-छात्राओं के हक़ की खुली हत्या

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में भ्रष्टाचार उजागर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



शासकीय तुलसी महाविद्यालय जिसे सरकार ने बड़े गर्व से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस का दर्जा दिया, वही महाविद्यालय आज भ्रष्टाचारियों की शरणस्थली बन चुका है। यहाँ शिक्षा नहीं, लूट की पाठशाला चल रही है। छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त सुविधा के नाम पर जनभागीदारी मद से लगाई गई बस आज आम पब्लिक से किराया वसूलने वाली पैसेंजर बस बन चुकी है, और महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं ऑटो, निजी बस, पैदल और लिफ्ट लेकर अपनी जेब से पैसा खर्च कर आने को मजबूर हैं। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए लगाई गई बस का उद्देश्य स्पष्ट था मुफ्त, सुरक्षित और समयबद्ध परिवहन। लेकिन ज़मीनी सच्चाई यह है कि यह बस छात्र-छात्राओं की नहीं रही। आज महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं आम पब्लिक बसों में धक्के खाकर, ऑटो में किराया चुकाकर, पैदल या लिफ्ट लेकर महाविद्यालय पहुँच रहे हैं, जबकि वही बस जो जनभागीदारी मद से छात्र-छात्राओं के लिए स्वीकृत है आम पब्लिक को बैठाकर अनूपपुर से पुष्पराजगढ़ तक दौड़ रही है।

19 जनवरी दोपहर लगभग 2:20 बजे, बस स्टैंड पर महाविद्यालय की बस खुलेआम आम सवारियाँ बैठा रही थी। जब ड्राइवर से पूछा गया कि बस कहाँ जा रही है, तो जवाब मिला पुष्पराजगढ़ जा रही है। यह जवाब नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का कबूलनामा है। इस पूरे खेल का केंद्र बिंदु हैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सक्सेना जो जनभागीदारी मद पर कुंडली मारकर बैठे हैं। बस मालिक के साथ मिलीभगत, परसेंट-बेस का खेल, और ऊपर से प्रशासनिक कुर्सी की ढाल यही इस लूट की रीढ़ है। पहले भी जो बस लगी थी, उसमें सुरक्षा शून्य, पीछे का गेट खराब, और अव्यवस्थाओं की भरमार थी। बस बदली गई, पर भ्रष्ट मानसिकता नहीं बदली। जनभागीदारी अध्यक्ष जिनके हस्ताक्षर से हर महीने भुगतान होता है आज मौन, निष्क्रिय और संदिग्ध भूमिका में हैं। क्या यह मौन डर है या हिस्सेदारी? अब सवाल सीधे शासन-प्रशासन से है क्या प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस का दर्जा लूट का लाइसेंस है? क्या छात्र-छात्राओं की सुविधा का पैसा आम पब्लिक से कमाई के लिए है? क्या डॉ. अनिल कुमार सक्सेना पर कार्रवाई करने की हिम्मत प्रशासन में नहीं? यह मामला लापरवाही नहीं, सुनियोजित भ्रष्टाचार है। अगर अब भी जांच और कार्रवाई नहीं हुई, तो यह साफ हो जाएगा कि प्रशासन भी इस अजगर के पेट में समा चुका है। प्रशासन से सीधी मांग तत्काल स्वतंत्र जांच और जनभागीदारी मद का ऑडिट, बस का संचालन केवल छात्र-छात्राओं के लिए सुनिश्चित किया जाए, डॉ. अनिल कुमार सक्सेना, बस मालिक और जनभागीदारी अध्यक्ष पर कठोर कार्रवाई, दोषियों को निलंबन व आपराधिक प्रकरण में कटघरे में खड़ा किया जाए।

# नगर पालिका बिजुरी के गुलाब ग्राउंड में आयोजित हुआ आनंद उत्सव कार्यक्रम



**विद्यार्थियों ने खो-खो, बोरा रेस, नीबू दौड़ प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में की सहभागिता**

हरिभूमि न्यूज बिजुरी।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार व जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में राज्य आनंद संस्थान एवं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में 14 से 28 जनवरी के मध्य ''आनंद उत्सव 2026'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में 14 से 24 जनवरी तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम 24 से 28 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे। आनंद उत्सव में नागरिकों की सहभागिता एवं उत्साह बढ़ाने के लिए विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आनंद उत्सव में प्रमुख रूप से स्थानीय तौर पर प्रचलित परम्परागत खेलकूद जैसे कबड्डी, खोखो, बोरा रेस, रस्साकसी, वेअर रेस, पिट्ठू/सितोलिया, चम्मच दौड़, नीबू दौड़ आदि तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोक संगीत, नृत्य, गायन, भजन, कीर्तन, नाटक आदि एवं स्थानीय स्तर पर निर्धारित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता है। इसी अनुक्रम में नगरपालिका बिजुरी के गुलाब ग्राउंड में आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने खो-खो, बोरा रेस, नीबू दौड़ प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर सहभागिता निभाई। इस अवसर पर नगरपालिका बिजुरी की अध्यक्ष श्रीमती शहबिन पनिका, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिजुरी पवन साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, आमजन, विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।



# स्वच्छता साथियों को वॉस ऑन व्हील के तहत जनप्रतिनिधियों ने प्रदान किए स्वच्छता किट

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला पंचायत की सामान्य सभा में केल्हौरी एवं आमाडांड कलस्टर के स्वच्छता साथियो को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकि राठौर, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी तथा जिला पंचायत के सदस्य गणों द्वारा संयुक्त रूप से वॉश ऑन व्हील के तहत स्वच्छता किट प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने बताया कि जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत घरेलू व संस्थागत सामुदायिक शौचालय की ऑनसाइट वॉस ऑन व्हील सेवा जिले मे ग्रामीण क्षेत्र के 25 कलस्टर मे 25 स्वच्छता साथियों का चयन कर संबंधित कलस्टर की ग्रामों से मैपिंग की गई है। इस सेवा का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में प्राप्त करने के लिए गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड लिंक एवं क्यू आर कोड पर क्लिक कर प्राप्त की जा सकती है। वॉस आर्न व्हील से स्वच्छता साथियों द्वारा घरेलू शौचालय की सफाई हेतु 50 प्रति शौचालय तथा संस्थागत सामुदायिक शौचालय हेतु 200 प्रति संस्था निर्धारित की गई है।

# नाबालिग बालिका करीब एक साल बाद सकुशल दस्तयाब, रामनगर पुलिस को सफलता

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा गुमशुदा नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया है। फरियादी रमेश (परिवर्तित नाम) निवासी वार्ड क्रमांक 08, सीएचपी रोड, राजनगर की 16 वर्षीय पुत्री ज्योति



(परिवर्तित नाम) दिनांक 14.02.2025 को घर से बिना बताए लापता हो गई थी, जिस पर थाना रामनगर में अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास करते हुए दिनांक 20.01.2026 को बालिका को शहडोल से सकुशल दस्तयाब किया गया। पूछताछ में बालिका द्वारा वहां रहकर कार्य करना बताया गया है। बालिका सुरक्षित है एवं बाल कल्याण समिति के समक्ष आज प्रस्तुत किया गया है एवं वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, एएसआई संतोष पट्टा, प्रधान आरक्षक सनत द्विवेदी एवं महिला आरक्षक पूजा राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।